मास मीडिया सहयोग पर SCO समझौते

drishtiias.com/hindi/printpdf/sco-agreement-on-mass-media-cooperation

प्रिलिम्स के लिये:

शंघाई सहयोग संगठन की भूमिका, गठन एवं सदस्य देश, अधिकारिक भाषा, पर्यवेक्षक देश

मेन्स के लिये:

SCO परिषद के सदस्य देशों के प्रमुखों का 20वाँ सम्मेलन, SCO का मास मीडिया के क्षेत्र में सहयोग, SCO ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी, भारत के लिये SCO का महत्त्व

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय सरकार ने **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** के सभी सदस्य देशों के बीच **"मास मीडिया के क्षेत्र में सहयोग"** के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर और अनुमोदन को मंज़ूरी दे दी है।

> **जून 2019** में इस समझौते पर **हस्ताक्षर** किये गए थे। यह समझौता सदस्य देशों को मास मीडिया के क्षेत्र में **सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और नवीन नवाचारों को साझा** करने का अवसर प्रदान करेगा।

प्रमुख बिंदु

सहयोग के मुख्य क्षेत्र :

- अपने राज्यों के लोगों के जीवन के बारे में अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिये **मास मीडिया के माध्यम से सूचनाओं के व्यापक वितरण** हेतु एक अनुकूल प्रणाली का निर्माण।
- अपने राज्यों के **मास मीडिया के संपादकीय कार्यालयों** के साथ-साथ मास मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाले संबंधित **मंत्रालयों, एजेंसियों और संगठनों** के बीच **सहयोग** बढ़ाना ।
- राज्यों के **पत्रकारों के पेशेवर संघों के बीच समान और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग** को बढ़ावा देना ।
- **टेलीविज़न और रेडियो कार्यक्रमों के प्रसारण में सहायता** करना और राज्य के सीमा क्षेत्र में यह कानूनी रूप से वितरित किये गए।
- मास मीडिया के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना, **मीडिया पेशेवरों को प्रशिक्षण देने में पारस्परिक सहायता** प्रदान करना और इस क्षेत्र में कार्यरत शैक्षिक एवं **वैज्ञानिक-अनुसंधान संस्थानों** और संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना।

शंघाई सहयोग संगठन (SCO):

- **परिचय :**
    - **<u>SCO</u> एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।**
    - यह एक **यूरेशियन** राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संगठन है, जिसका उद्देश्य संबंधित क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखना है।
- **गठन:**
    - इसका **गठन वर्ष 2001** में किया गया था ।
    - **SCO चार्टर** पर **वर्ष 2002 में हस्ताक्षर** किये गए थे और यह **वर्ष 2003 में लागू** हुआ।
- **अधिकारिक भाषा या राजभाषा:**

    रूसी और चीनी SCO की आधिकारिक भाषाएँ हैं।
- **सदस्य:**

    वर्तमान में विश्व के 8 देश (कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान) SCO के सदस्य हैं।
- SCO के **दो स्थायी निकाय** हैं:
    - SCO **सचिवालय, यह चीन की राजधानी बीजिंग** में स्थित है।
    - **क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना (Regional Anti-Terrorist Structure- RATS),** इसकी कार्यकारी समिति का कार्यालय **ताशकंद (उज़्बेकिस्तान)** में स्थित है।
- SCO की **अध्यक्षता**, **सदस्य राज्यों द्वारा एक वर्ष के लिये चक्रीय (Rotation) प्रक्रिया** द्वारा की जाती है।

    ताजिकिस्तान गणराज्य ने 2021-22 के लिये **SCO की अध्यक्षता ग्रहण** की है।
- **SCO का <u>20वाँ शिखर सम्मेलन</u> वर्ष 2020 में हुआ था।**
- हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साझी **<u>बौद्ध विरासत पर पहली SCO ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी</u>** की शुरुआत की है।

स्रोत : द हिंदू